राजकीय महिला महाविद्यालय ,गुलजारबाग ,पटना-7

सत्र 2022 -24 इंटर पंजीयन सम्बन्धी आवश्यक सूचना

सत्र 2022-24 इंटर की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में पंजीयन की **अंतिम तिथि दिनांक** 28-11-22 तक ही है | छात्राओं द्वारा यह कहा जा रहा है कि पंजीयन की अन्तिम तिथि BSEB द्वारा 30-11-22 तक है तो महाविद्यालय में28-11-22 तक ही पंजीयन क्यों होगा ? छात्राओं द्वारा पंजीयन प्रपत्र भर कर जमा करने के उपरान्त –

1. BSEB के पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा सभी छात्राओं के प्रपत्रों को ऑनलाइन भरा जाता है,यह बेहद महत्वपूर्ण कार्य होता है जिसमे किसी भी प्रकार की जल्दीबाजी नहीं की जा सकती है |
2. प्रत्येक छात्रा का फॉर्म ऑनलाइन भरने के समय छात्रा के फोटो एवं हस्ताक्षर को भी स्कैन करके अपलोड किया जाता है |
3. सभी फॉर्म भरने के उपरान्त अपडेट किया जाता है |
4. इसके उपरान्त चालान निकल कर भेजा जाता है | तब पंजीयन प्रपत्र भरने की प्रक्रिया पूरी होती है |

अब तक [26-11-22 तक] कला -100 : विज्ञान- 75 एवं वाणिज्य -34 छात्राओं नें पंजीयन प्रपत्र भर दिया है | अतः जिन छात्रों ने प्रपत्र समय पर भर कर जमा कर दिया है उनका कार्य समय पर **पंजीयन प्रपत्र नहीं भरने वाली** छात्राओं के लिए रोका नहीं जायेगा | 11 वीं की वैसी सभी छात्राएं जिन्होंने अब तक पंजीयन प्रपत्र नहीं जमा किया है दिनांक 28-11-22 तक प्रपत्र अवश्य जमा कर दें | इसके उपरान्त महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी | किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई की स्थिति में छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगी |

महाविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रत्येक प्रपत्र [नामांकन ,पंजीयन एवं परीक्षा] ससमय करने के लिए छात्राओं को बार बार सूचित किया जाता है | परन्तु कुछ छात्राएं हर बार गैरजिम्मेदारी ही दिखाती है | परिणामस्वरूप उनका प्रपत्र समय पर जमा नहीं हो पाता है | अतः सत्र 2022 -24 [81 छात्राएं] कला -52 ,विज्ञान -14 एवं वाणिज्य -15 छात्राओं को यह अंतिम सूचना दी जा रही है कि दिनांक 28-11-22 को अपराह्न 1.00 बजे तक अपना पंजीयन प्रपत्र अवश्य जमा कर दें |

26.11.22

प्र.प्राचार्य

I/C Principal

Govt. Women's College

Gulzarbagh, Patna-7